Chapter 01 मानव कल्याण में सूक्ष्म जीव (Microbes In Human Welfare)

TOPIC WISE QUESTIONS

घरेलू उत्पादों में सूक्ष्मजीव

Q.1 निम्नलिखित में कौनसा सूक्ष्मजीव स्विस चीज बनाने में काम आता है:
(1) *प्रोपियोनीबेक्टीरियम* (2) *जीयोट्राइकम*
(3) *पेनिसिलियम* (4) *स्ट्रेप्टोकोकस*

Q.2 चीज और योगहर्ट _____के उत्पाद होते है।
(1) पाश्चुरीकरण (2) आसवन
(3) निर्जलीकरण (4) किण्वन

Q.3 दूध को दही में किसके द्वारा परिवर्तित किया जाता है:
(1) *बेसीलस मेगाथिरोयम* के
(2) *एसिटोबेक्टर ऐसिटाई* के
(3) *जेन्थोमोनास सिट्राई* के
(4) *लेक्टोबेसीलस एसीडोफिलस* के

Q.4 ब्रेड बनाते समय **किसकी क्रिया के द्वारा** CO_2 निकलने से यह छिद्रित हो जाती है :
(1) यीस्ट (2) जीवाणु
(3) विषाणु (4) प्रोटोजोन्स

Q.5 कौनसा योगहर्ट के निर्माण में प्रयुक्त नहीं होता है
(1) *स्ट्रेप्टोकोकस लेक्टीस*
(2) *स्ट्रेप्टोकोकस थर्मोफीलस*
(3) *लेक्टोबेसीलस बलगेरिकस*
(4) (2) तथा (3) दोनो

Q.6 निम्न में से कौनसा ब्रेड के बनाने में प्रयुक्त होता है:
(1) *राइजोपस स्टोलीनीफर*
(2) *सेकरोमाइसीस सेरिविसी*
(3) *जाइगस सेकरोमाइसीस*
(4) *सेकरोमाइसीस लुडवीगी*

Q.7 लेक्टिक एसिड जीवाणु (LAB) दूध में वृद्धि करते हैं तथा इसे दही में बदल देते है, एवं किसकी वृद्धि कर दही की पोषण गुणवत्ता में भी वृद्धि कर देते है :
(1) विटामिन A (2) विटामिन B_{12}
(3) विटामिन B_6 (4) विटामिन C एवं A

औद्योगिक उत्पादों में सूक्ष्जीव

Q.8 निम्न में से कौनसा कथन प्रतिजैविक के लिए सत्य नहीं है:
(1) प्रथम एन्टीबायोटिक की खोज एलेक्जेण्डर फ्लेमिंग ने की थी।
(2) द्वितीय विश्व युद्ध में धायल सैनिकों के उपचार के लिए प्रतिजैविक का व्यापक उपयोग किया जाता था
(3) कुछ मनुष्य एक विशेष एन्टीबायोटिक के प्रति संवेदनशील हो सकते है।
(4) प्रत्येक एन्टीबायोटिक केवल एक विशेष प्रकार के रोगाणु (germ) प्रति प्रभावी होती है।

Q.9 एन्टीबायोटिक मुख्य रूप से किससे प्राप्त होती है :
(1) बैक्टीरिया से (2) एक्टिनोमाइसिटीज से
(3) साइनोबैक्टिरिया से (4) (1) व (2) दोनों

Q.10 निम्न में से कौनसे सूक्ष्म जीव को उपयोगो में साइट्रिक अम्ल के उत्पादन में काम में लेते है ?
(1) *लेक्टोबेसीलस वलगेरिकस*
(2) *पेनीसिलियम साइट्रीनम*
(3) *एस्परजिलस नाइगर*
(4) *राइजोपस नाइग्रीकेन्स*

Q.11 ऐसे कौनसे सूक्ष्म जीव को सीरा (मोलेसेस) पर उगाया जाता है तथा इसे भोजन में सुगन्ध के लिए बेचा जाता है :
(1) *सकेरोमाइसेस* (2) *राइजोपस*
(3) *एसिटोबेक्टर* (4) *लेक्टोबेसिलस*

Q.12 एल्कोहॉल से विनेगर (सिरका) का निर्माण किसके द्वारा किया जाता है :
(1) *बेसीलस सब्टीलिस* (2) *क्लोस्ट्रिडियम*
(3) *एसीटोबेक्टर एसिटि* (4) *एजोटोबेक्टर*

Q.13 बीयर प्राप्त की जाती है :
(1) सीरा से (2) अंगूर से
(3) जौ से (4) राई से

Q.14 एल्कोहॉल की अधिकतम प्रतिशत मात्रा किसमें उपस्थित होती है :
(1) ब्राण्डी (2) वाइन
(3) बीयर (4) उपरोक्त सभी

KGS NEET | JEE

Q.15 प्रथम अम्ल जिसे किण्वन से प्राप्त किया :
(1) ग्लूकोनिक अम्ल (2) लेक्टिक अम्ल
(3) फ्यूमेरिक अम्ल (4) उपरोक्त सभी

Q.16 *सेकेरोमाईसिस सेरेविसि* किसके निर्माण में काम आती है :
(1) एथेनाल (2) मेथेनॉल
(3) एसीटिक अम्ल (4) एंटिबायोटिक

Q.17 स्टार्च से एथेनॉल बनाने के लिए किसका उपयोग किया जाता है :
(1) *पेनिसीलिन* (2) *सेक्रोमाइसिस*
(3) *ऐजेटोबेक्टर* (4) *लेक्टोबेसिलस*

Q.18 प्रतिजैविक सर्वप्रथम किसके द्वारा खोजा गया था:
(1) एडवर्ड जेनर (2) लुई पाश्चर
(3) सेल्मान वॉक्समान (4) ऐलेक्जेण्डर फ्लेमिंग

Q.19 अंग प्रत्यारोपण के मरीजों में प्रयोग हेतु साइक्लो – स्पोरिन A औषधि किससे प्राप्त की जाती है ?
(1) जीवाणु (2) कवक
(3) वायरस (4) पादप

वाहितमल उपचार में सूक्ष्मजीव

Q.20 सक्रिय आपंक के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?
(1) यह द्वितीयक वाहितमल उपचार के दौरान बनता है।
(2) इसमें जैव अपघटक सूक्ष्म जीवों के झुंड ऊर्णक होते हैं।
(3) सक्रिय आपंक के निर्माण के लिए वातन की आवश्यकता नहीं होती है।
(4) इसके निर्माण के दौरान बहुत अधिक अपघटन होता है।

Q.21 वाहितमल उपचार के दौरान बायोगैस के उत्पादन में निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जाता है?
(1) अवायवीय आपंक पाचित्र
(2) प्राथमिक सैटलिंग टैंक
(3) फ्लॉक्स
(4) एक से अधिक विकल्प सही हैं

Q.22 वाहितमल उपचार की प्रक्रिया के बारे में गलत कथन का चयन करें।
(1) अपशिष्ट जल का उपचार वाहितमल में स्वाभाविक रूप से उपस्थित विषमपोषी रोगाणुओं द्वारा किया जाता है।
(2) प्राथमिक उपचार में निस्पंदन और अवसादन के माध्यम से वाहितमल से बड़े और छोटे कणों को भौतिक रूप से हटाना शामिल है।
(3) द्वितीयक उपचार को रासायनिक उपचार के रूप में भी जाना जाता है।
(4) द्वितीयक उपचार में, वाहितमल के पानी को BOD कम होने तक उपचारित किया जाता है।

Q.23 जीवाणु के समूह अवपंक और कवकीय तंतु द्वारा जाली जैसी संरचनाओं को बनाने के लिए एक साथ जुड़े रहते हैं, उसे कहते हैं ?
(1) प्राथमिक आपंक (2) ऊर्णक
(3) सक्रिय आपंक (4) अवायवीय आपंक

Q.24 नदियों को जल प्रदूषण से बचाने के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा चरण लिया गया है?
(1) गंगा एक्शन प्लान (2) नर्मदा एक्शन प्लान
(3) यमुना एक्शन प्लान (4) दोनों (1) और (3)

बायोगैस के उत्पादन में सूक्ष्मजीव

Q.25 बायोगैस में पायी जाती है :
(1) कार्बनमोनोऑक्साइड, मिथेन तथा हाइड्रोजन
(2) कार्बनडाईऑक्साइड, मिथेन तथा हाइड्रोजन
(3) कार्बनमोना–ऑक्साइड, इथेन तथा हाइड्रोजन
(4) कार्बनडाईऑक्साइड, इथेन तथा हाइड्रोजन

Q.26 मेथेनोजेनिक जीवाणु मौजूद होते है।
(1) अवायवीय आपंक में
(2) मवेशियों के रुमेन (आमाशय का एक भाग)में।
(3) दोनों (1) और (2)
(4) इनमें से कोई नहीं

Q.27 बायोगैस उत्पादन की दर का सीमाकारी कारक है :
(1) मेथेन (2) सेलुलोज
(3) स्टार्च (4) एसिटिक अम्ल

Q.28 गोबर गैस का परम्परागत ऊर्जा उपयोग पर क्या लाभ है :
(1) ऊर्जा का अधिक दक्ष स्त्रोत
(2) अच्छे उर्वरक के रूप में उपयोग
(3) रोग जनकों के फैलने की सम्भावनाओं को कम करता है
(4) उपरोक्त सभी

Q.29 गोबर गैस में गोबर को विघटित करके गैस उत्पन्न करता है :
(1) कवक (2) विषाणु
(3) मेथेनोजेनिक जीवाणु (4) शैवाल

Q.30 गोबर गैस संयत्र में काम में आने वाला जीवाणु है :
(1) मेथेनोजन
(2) नाइट्रीकारी जीवाणु
(3) अमोनीकारी जीवाणु
(4) विनाइट्रीकारी जीवाणु

Q.31 कार्बनिक अपशिष्ट के अवायवीय पाचन के दौरान जैसे कि बायोगैस बनाने में होता है, निम्नलिखित में से कौनसा एक अंश अपघटित नहीं होता :
(1) लिपिड (2) लिग्निन
(3) हेमीसेलुलोज (4) सेलुलोज

Q.32 जैव गैस उत्पादन की तकनीक भारत में मुख्य रूप से___ के योगदान से विकसित हो पाई थी :
(1) IARI (2) KVIC
(3) दोनों (1) एवं (2) (4) WHO

Q.33 अपशिष्ट जैवभार के अवायवीय किण्वन द्वारा उत्पादित बायोगैस में सम्मिलित है।
(1) मीथैन
(2) H_2, H_2S तथा N_2 की सूक्ष्म मात्रा
(3) CO_2
(4) उपरोक्त सभी

जैवनियंत्रण कारकों के रूप में सूक्ष्म जीव

Q.34 इंटीग्रेड पेस्ट मैनेजमेन्ट (IPM) में सम्मिलित है :
(1) ऊत्तक संवर्धन (2) जैविक नियंत्रण
(3) जैव उर्वरक (4) अंग प्रत्यारोपण

Q.35 कवकों द्वारा होने वाले पादप रोगों की रोकथाम के लिए एक सामान्य जैवनियंत्रक कारक कौन सा है ?
(1) *एग्रोबैक्टीरियम* (2) *ग्लोमस*
(3) *ट्राइकोडर्मा* (4) *बैकुलोवायरस*

जैवउर्वरकों के रूप में सूक्ष्मजीव

Q.36 यदि गेहूं के खेत में *राइजोबियम* के प्रवेशित किया जाए तो
(1) मृदा नाइट्रोजन युक्त हो जाएगी।
(2) मृदा नाइट्रोजन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा
(3) मृदा में नाइट्रोजन की कमी हो जाएगी
(4) मृदा कैल्शियम से भरपूर हो जायेगी

Q.37 बॉयोगैस का निर्माण मिथेनोजेनिक बैक्टीरिया द्वारा बॉयोमास या कृषि अपशिष्ट के अनॉक्सीय विघटन द्वारा किया जाता है। यह है एक :
(1) एकल चरणीय प्रक्रिया
(2) द्विचरणीय प्रक्रिया
(3) तीन चरणीय प्रक्रिया
(4) बहु चरणीय प्रक्रिया

Q.38 आज के कृषक धान की फसल में 50% तक वृद्धि किसके उपयोग द्वारा कर सकते है :
(1) सायनों बैक्टिीरिया (2) राइजोबियम
(3) कवक मूल (4) फार्म यार्ड खाद

Q.39 निम्न में से कौनसा युग्म जैव उर्वरक का है:
(1) *एजोला तथा BGA*
(2) *नॉस्टॉक तथा* लैग्यूम
(3) *राइजोबियम* तथा घास
(4) *साल्मोनेला व इ.कोली*

Q.40 धान के खेतों में निम्नलिखित में से कौन जैवउर्वरक के रूप में कार्य करता है?
(1) *एनाबीना* (2) *टॉलीपोथ्रिक्स*
(3) *क्लोरेला* (4) *ग्लोमस*

Q.41 जीव जो जैवउर्वरक के रूप में कार्य करता है:
(1) *नोस्टॉक* (2) *राइजोबियम*
(3) यीस्ट (4) दोनों (1) और (2)

Q.42 कुछ नीले हरे शैवालों का उपयोग जैवउर्वरक के रूप में किया जा सकता है क्योंकि ये
(1) प्रकाश संश्लेषक होते है।
(2) श्लेष्मा से घिरे हुए होते है।
(3) सर्वत्र उगते है।
(4) नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने में सक्षम होते है।

Q.43 ऐसे जीवाणुओं के उदाहरण जो मिट्टी में मुक्त रहकर वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण कर सकते हैं/हैं
(1) *एजोस्पिरिलम* (2) *एनाबीना*
(3) *एजोटोबैक्टर* (4) दोनों (1) और (3)

Q.44 निम्न में से कौनसा *माइकोराइजा* का लाभ नहीं है-
(1) नाइट्रोजन स्थिरीकरण
(2) जड़ जनित रोगजनकों का प्रतिरोध
(3) लवणता एवं सूखे के प्रति सहनशीलता
(4) दोनों (1) और (3)

Q.45 निम्नलिखित में वह कौनसा एक सूक्ष्म जीवाणु हैं जो उच्च पादपो की जडों के साथ सहजीवन स्थापित करता है, तथा उनके पोषण में सहायता करता है ?
(1) *ग्लोमस* (2) *ट्राइकोडर्मा*
(3) *एजोटोबैक्टर* (4) *ऐसपर्जिलस*

ANSWER KEY

TOPIC WISE QUESTIONS

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
Ans.	1	4	4	1	1	2	2	4	4	3	1	3	3	1	2
Que.	**16**	**17**	**18**	**19**	**20**	**21**	**22**	**23**	**24**	**25**	**26**	**27**	**28**	**29**	**30**
Ans.	1	2	4	2	3	1	3	2	4	2	3	2	4	3	1
Que.	**31**	**32**	**33**	**34**	**35**	**36**	**37**	**38**	**39**	**40**	**41**	**42**	**43**	**44**	**45**
Ans.	2	3	4	2	3	2	3	1	1	1	4	4	4	1	1

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR